केन्द्रीय विद्यालय गोमतीनगर प्रथम पाली

स्वच्छता पखवाड़ा संदेश

केन्द्रीय विद्यालय गोमतीनगर प्रथम पाली में "स्वच्छता पखवाड़ा" का शुभारंभ करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गयें। इनमें विद्यालय के समस्त सदस्यों के साथ—साथ समस्त छात्र-छात्राओं ने भी शिरकत की। **1** सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़ा का समापन 15 सितंबर को होगा, जिसमें प्रत्येक दिन को एक दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके तहत आज विद्यालय में स्वच्छता शपथ दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों के साथ—साथ विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे अपने आस—पास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने में योगदान देंगे। पंद्रह दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, पत्र लेखन, पोस्टर, बैनर, स्लोगन ,चित्रकारी प्रतियोगिता ,निबंध लेखन, काव्य पाठ, शिक्षक - अभिभावक बैठक ,पौधारोपण समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

गांधी जी के स्वच्छ भारत ,स्वस्थ भारत के इस सपने को हम सभी भारतवासियों को यथार्थ रूप देना है ।आइए सभी मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो स्वच्छ और स्वस्थ हो।

डॉ सी. बी. पी. वर्मा

प्राचार्य